UDYAM-BR-0010266

# केशव न्यूज

www.keshavtv24.com मंगलवार 21 जनवरी 2025 बर्ष 01 अंक 01 पृष्ठ 4 keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**

ज़िंदगी में सफल बनने के लिए हारना ज़रूरी हैं हारकर सफल होने के लिए फिर कोशिश करना ज़रूरी हैं।

# योगी ने हेलिकॉप्टर से देखा पूरा महाकुंभ, 27 जनवरी को गृह मंत्री अमित शाह भी कुंभ में आएंगे

**मौनी अमावस्या के दिन 8–10 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना**

संवाददाता केशव न्यूज

प्रयागराज में महाकुंभ का सातवां दिन खास रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हेलिकॉप्टर से महाकुंभ मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मौनी अमावस्या (29 जनवरी) के दिन 8–10 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन पर भीड़ नियंत्रण और व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की योजना बनाई है। इसके साथ ही 22 जनवरी को महाकुंभ में होने वाली कैबिनेट मीटिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रपति के संभावित कार्यक्रम की तैयारियों पर भी चर्चा होगी।

रविवार को दोपहर 12 बजे तक 31 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान किया। अब तक कुल 8 करोड़ लोग महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं। आगामी 27 जनवरी को गृह मंत्री अमित शाह भी कुंभ में आएंगे और संगम में स्नान कर पूजा–अर्चना करेंगे।



### निरंजनी अखाड़े में नागा संन्यासी बनने की प्रक्रिया

जूना अखाड़े के बाद अब निरंजनी अखाड़े में भी नागा संन्यासी बनने का संस्कार शुरू हो गया है। यहां 400 से अधिक संन्यासियों का दीक्षा संस्कार किया जा रहा है। उनकी कसम प्रार्थना तड़के 4 बजे संपन्न होगी।

### निरंजनी अखाड़े में भी 400 नागा संन्यासी बन रहे

महाकुंभ में जूना अखाड़े के बाद अब निरंजनी अखाड़े में भी नागा संन्यासियों की दीक्षा प्रक्रिया शुरू हो गई है। निरंजनी अखाड़े में 400 से अधिक साधुओं को नागा संन्यासी के रूप में दीक्षा दी जा रही है। इस विशेष प्रक्रिया के दौरान साधु संन्यास का कठोर व्रत लेकर अखाड़े की परंपराओं और सिद्धांतों का पालन करने का संकल्प लेते हैं।

## महाकुंभ मेले में आग, गीता प्रेस के 180 कॉटेज जले

संवाददाता केशव न्यूज

*प्रयागराज महाकुंभ टेंट में लगी भीषण आग, एक घंटे में काबू पाया, मुख्यमंत्री योगी स्थति का जायजा लिया*

प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र में रविवार शाम में आग लगने की बड़ी घटना सामने आई। यह हादसा शास्त्री ब्रिज के पास सेक्टर 19 में स्थित गीता प्रेस के कैंप में हुआ। आग की चपेट में आकर गीता प्रेस के 180 कॉटेज जलकर खाक हो गए।

अधिकारियों के अनुसार, खाना बनाते समय एक सिलेंडर ब्लास्ट हुआ, जिसके बाद कई अन्य सिलेंडरों में भी धमाके हुए और आग तेजी से फैल गई। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्थिति पर काबू पाया गया।

मेला सीएफओ प्रमोद शर्मा ने जानकारी दी कि इस घटना में करीब 500 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि, आग में एक संन्यासी के एक लाख रुपये के नोट जलने की भी सूचना मिली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी से फोन पर बातचीत कर पूरी घटना की जानकारी ली। घटना से कुछ देर पहले ही मुख्यमंत्री योगी ने हेलिकॉप्टर से महाकुंभ मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया था।

### महाकुंभ, त्रिवेणी संगम में डूबती नाव से एनडीआरएफ ने बचाई पांच लोगों की जान

महाकुंभ में हर दिन लाखों श्रद्धालु देश–विदेश से त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने आते हैं। इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालु न केवल अपनी आस्था प्रकट करते हैं, बल्कि भारतीय संस्कृति और धार्मिक धरोहर को आत्मसात करते हैं।

एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल) की तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा ने झारखंड के एक ही परिवार के पांच सदस्यों की जान बचाई। यह घटना तब हुई जब उनकी नाव तेज बहाव और गहरे पानी की वजह से अनियंत्रित होकर डूबने लगी।

संकट के समय एनडीआरएफ की टीम संगम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। जैसे ही उन्होंने परिवार की मदद की पुकार सुनी, तुरंत अपने कर्तव्य का पालन करते हुए बचाव अभियान शुरू कर दिया। टीम ने बिना समय गंवाए डूबती नाव तक पहुंचकर परिवार के सभी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला और अपनी नाव से उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। एनडीआरएफ की इस त्वरित कार्रवाई ने एक बार फिर उनकी कार्यकुशलता और मानव सेवा के प्रति समर्पण को साबित किया है। इस घटना ने श्रद्धालुओं के बीच सुरक्षा को लेकर विश्वास को और मजबूत किया है।

### *केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया महाकुंभ का दौरा*

प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पहुंचकर आयोजन की भव्यता का अनुभव किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टर 18 स्थित जूना अखाड़े के शिविर का दौरा किया और परमार्थ निकेतन के प्रमुख संत स्वामी अवधेशानंद महाराज से भेंट की।

## भव्यता और दिव्यता के साथ महाकुंभ हो रहा आयोजित- सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की भव्यता और दिव्यता की सराहना करते हुए कहा, महाकुंभ का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर इस विजन को लागू करने के लिए सभी विभाग पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के स्नान सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। आगामी मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी के महा स्नान कुंभ की शोभा को और बढ़ाएंगे।

सीएम योगी ने बताया कि महाकुंभ में अब तक 7,000 से अधिक संस्थाएं पहुंच चुकी हैं, और आज 1 करोड़ से अधिक श्रद्धालु उपस्थित हैं। इतनी बड़ी संख्या में आए लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए सभी विभाग सामूहिक रूप से कार्यरत हैं।
उन्होंने कहा, 29 जनवरी और 3 फरवरी को होने वाले महा स्नान के आयोजन को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम इसका सफल आयोजन सुनिश्चित करेंगे।

## संत ने नाक से बजाई बांसुरी

महाकुंभ मेले में विभिन्न क्षेत्रों से आए रंग–बिरंगे साधु–संत अपनी विशिष्ट प्रतिभाओं से श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इनमें से एक अनोखे संत हैं कबीर दीपक, जो जबलपुर से आए हैं। संत कबीर दीपक ने अपनी अनोखी कला से भक्तों का मनोरंजन करते हुए नाक से बांसुरी बजाने का प्रदर्शन किया। उनकी यह अनूठी कला महाकुंभ के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, और लोग उनकी इस विशेष प्रतिभा की सराहना कर रहे हैं।

## दानापुर में 3 शातिर अपराधी गिरफ्तार एटीएम कार्ड फंसाकर करते थे ठग

संवाददाता केशव न्यूज



दानापुर पुलिस ने एटीएम मशीन में कार्ड फंसाकर ठगी करने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में गिरोह के तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से 15 हजार रुपए नकद, 7 एटीएम कार्ड, 2 बाइक, और एक लैपटॉप बरामद किया है। एएसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि सीतामढ़ी के मेजरगंज निवासी अभिजीत कुमार से 18 हजार रुपए की ठगी की शिकायत दर्ज की गई थी। जांच के बाद नवादा के रवि कुमार उर्फ अभिराज, गोपाल कुमार और गया के चंदन कुमार को गिरफ्तार किया गया। अपराधियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि वे एटीएम मशीन में फेवीक्विक लगाकर कार्ड फंसा देते थे। इसके बाद मशीन पर अपना फोन नंबर चिपका देते थे। जब लोग मदद मांगते थे, तो उन्हें बातों में उलझाकर उनका एटीएम कार्ड बदल लेते थे और उनके खाते से पैसे निकाल लेते थे।

## महागठबंधन में शामिल होंगे पशुपति पारस, लालू संग बैठक में हुआ मंथन

**चिराग पासवान के वोट बैंक को कमजोर करने की रणनीति**

संवाददाता केशव न्यूज



राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस जल्द ही महागठ. बंधन में शामिल हो सकते हैं। इस संबंध में पशुपति पारस ने रविवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। यह बैठक पटना स्थित लालू यादव के आवास पर करीब आधे घंटे तक चली। सूत्रों के मुताबिक, दोनों नेताओं के बीच आगामी विधानसभा चुनाव 2025 की रणनीति पर चर्चा हुई। पशुपति पारस और उनके भतीजे प्रिंस राज, तेजस्वी यादव के साथ मिलकर जल्द ही इस घोषणा को औपचारिक रूप दे सकते हैं।

राजद सुप्रीमो लालू यादव पशुपति पारस को महागठबंधन में शामिल कर छक। के दलित वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश कर रहे हैं। लालू यादव यह संदेश देना चाहते हैं कि दलित वोट बैंक छक। से खिसककर महागठबंधन की ओर आ रहा है। 2025 के विधानसभा चुनावों में जीत सुनिश्चित करने के लिए यह कदम राजद के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राजद का यह कदम लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान के वोट बैंक को कमजोर करने की रणनीति का हिस्सा भी माना जा रहा है। चिराग पासवान की पार्टी बिहार में दलित और खासकर पासवान समुदाय के वोट पर पकड़ रखती है।

### *निरंजनी अखाड़े में भी 400 नागा संन्यासी बन रहे*

महाकुंभ में जूना अखाड़े के बाद अब निरंजनी अखाड़े में भी नागा संन्यासियों की दीक्षा प्रक्रिया शुरू हो गई है। निरंजनी अखाड़े में 400 से अधिक साधुओं को नागा संन्यासी के रूप में दीक्षा दी जा रही है। इस विशेष प्रक्रिया के दौरान साधु संन्यास का कठोर व्रत लेकर अखाड़े की परंपराओं और सिद्धांतों का पालन करने का संकल्प लेते हैं। महाकुंभ के इस धार्मिक आयोजन में यह प्रक्रिया श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुरारी बापू की कथा के दौरान श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रयागराज के सभी घाट आज श्रद्धालुओं से भरे हुए हैं। उन्होंने कहा, मुझे बापू की कई कथाओं में सहभागिता का अवसर प्राप्त हुआ है और प्रत्येक कथा में कुछ नया सीखने को मिलता है। योगी ने प्रयाग की पवित्रता का वर्णन करते हुए कहा, इस पुण्य भूमि पर आप सभी का स्वागत है।

## दानापुर अस्पताल में १०२ एंबुलेंस सेवा ठप हड़ताल से मरीजों को हो रही परेशानी

संवाददाता केशव न्यूज



दानापुर अनुमंडलीय अस्पताल में 102 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारी दूसरे दिन भी हड़ताल पर हैं, जिससे गंभीर मरीजों, विशेषकर प्रसूति रोगियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को निजी वाहनों के जरिए पीएमसीएच और अन्य अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। हड़ताल पर गए कर्मचारियों की छह प्रमुख मांगें हैं, जिनमें पिछली कंपनी का एक महीने और नई कंपनी का दो महीने का बकाया वेतन शामिल है। इसके अलावा, श्रम अधिनियम के तहत अति कुशल श्रमिकष् का दर्जा, 60 वर्ष की उम्र सीमा तक समायोजन, रिलीवर के तौर पर घर बैठे कर्मचारियों को काम देने की व्यवस्था, नियुक्ति पत्र, आईडी कार्ड और सैलरी स्लिप की अनिवार्य व्यवस्था जैसी मांगे भी शामिल हैं। 102 एंबुलेंस के ईएमटी यशवंत कुमार ने बताया कि नियमित वेतन न मिलने के कारण उनके परिवारों का भरण–पोषण मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉल सेंटर के कर्मचारियों को समय पर वेतन और सुविधाएं दी जाती हैं, लेकिन मरीजों की सेवा में लगे एंबुलेंस कर्मियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

हड़ताली कर्मचारियों ने यह भी ऐलान किया है कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं होतीं, हड़ताल जारी रहेगी। 20 जनवरी को एंबुलेंस कर्मचारी गर्दनीबाग धरनास्थल पर राज्यव्यापी प्रदर्शन करेंगे।







# स्कूल के पूर्व छात्र ने प्रिंसिपल पर चलवाई गोली लड़की से अश्लील हरकत करते पकड़े जाने पर निकाला गया था, मामा समेत 2 गिरफ्तार

संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा के सेंट जोसेफ स्कूल के प्रिंसिपल और संचालक डॉ. जोसेफ टीटी पर गोली चलाने की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। रविवार को पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में सैयद नजफ जाफर अहमद उर्फ अयान (19) और आरफिन कुदरत उर्फ साजी (25) शामिल हैं। जबकि, मुख्य आरोपी और उसके दो साथी अब भी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी छात्र मो. रेयान को दो साल पहले अश्लील हरकत करते हुए पकड़ा गया था। वह 10वीं कक्षा का छात्र था। इस घटना के बाद प्रिंसिपल ने उसे स्कूल से निष्कासित कर दिया था। इससे आहत होकर रेयान ने बदला लेने की योजना बनाई। सूत्रों के अनुसार, आरोपी छात्र का स्कूल की एक लड़की के साथ अफेयर था। लड़की के परिवार की



सिफारिश पर उसे स्कूल में वापस ले लिया गया था, जबकि रेयान को बाहर कर दिया गया। इस बात से नाराज होकर रेयान ने अपने मामा आरफिन कुदरत की मदद से हथियार जुटाया और घटना को अंजाम दिया। घटना 16 जनवरी की शाम को दीपनगर थाना क्षेत्र के एनएच–20 कासिमचक गांव के पास हुई। डॉ. जोसेफ स्कूल के बच्चों को लेकर जमशेदपुर के टूर पर जा रहे थे। रास्ते में मां भवानी होटल के पास चाय पीने के लिए रुके। तभी बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें गोली मार दी। गोली उनकी कमर के पिछले हिस्से में लगी। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत बिहार शरीफ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है।

पुलिस ने घटना की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया था। तकनीकी और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर पुलिस ने बिहार थाना क्षेत्र से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एक कार, एक जिंदा कारतूस और दो मोबाइल बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि घटना में कुल पांच लोग शामिल थे। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी रेयान और दो अन्य फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## बाइक अनियंत्रित होकर 10 फीट गड्ढे में गिरी चचेर भाई के सामने युवक की मौत, एक घायल



नालंदा के थरथरी थाना क्षेत्र में रविवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना भतहर गांव के पास हिलसा नूरसराय मुख्य मार्ग पर हुई। मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के काको रोड निवासी 19 वर्षीय रवि रंजन कुमार के रूप में हुई, जबकि घायल की पहचान पटना जिले के मसौढ़ी निवासी राजा कुमार के रूप में की गई। दोनों युवक चचेरे भाई थे। घायल युवक ने बताया कि वह अपने चचेरे भाई के साथ बुलेट गाड़ी से जह. ानाबाद से नूरसराय रिश्तेदार के घर जा रहे थे। रास्ते में भतहर गांव के पास घुमावदार सड़क पर अचानक सामने से आ रही एक गाड़ी को बचाने के दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और करीब 10 फीट गहरे गड्ढे में गिर गई। इसके बाद दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, और रवि रंजन बेहोश हो गया।

स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थरथरी में भर्ती कराया। बेहतर इलाज के लिए दोनों को बिहार शरीफ सदर अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में रवि रंजन की मौत हो गई, जबकि राजा कुमार का इलाज जारी है। थरथरी थाना अध्यक्ष उमाशंकर मिश्रा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नालंदा में गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां, 16 विभाग प्रस्तुत करेंगे झांकी, महादलित टोलों में भी होगा झंडारोहण

संवाददाता केशव न्यूज

नालंदा में आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के लिए जिला. धिकारी शशांक शुभंकर ने विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। समारोह सोगरा उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा, जहां सुबह 9 बजे झंडारोहण होगा। इसके बाद विभिन्न सरकारी कार्यालयों में क्रमबद्ध रूप से झंडारोहण कार्यक्रम होंगे।



समारोह में विशेष आकर्षण के रूप में 16 विभागों की ओर से प्रस्तुत की जाने वाली झांकियां होंगी, जिनके माध्यम से विभागीय योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने के लिए एक विशेष परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स एंड गाइड्स और सैनिक स्कूल राजगीर की टुकड़ियां भाग लेंगी।

दोपहर 2 बजे एक फैंसी क्रिकेट मैच भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें मीडिया और प्रशासन के बीच मुकाबला होगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समारोह स्थल पर उचित व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, और भीड़ नियंत्रण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान, शहर की सफाई, पेयजल और विद्युत आपूर्ति की निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। समारोह में महादलित टोलों में भी झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झंडोतोलन का कार्यक्रम विभिन्न स्थ. ानों पर निर्धारित किया गया है, जैसे सोगरा उच्च विद्यालय परिसर, समाहरणालय, जिला परिषद कार्यालय, और अन्य प्रमुख कार्यालयों पर।

कारगिल पार्क में सुबह 11रू10 बजे देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से समारोह की तैयारी समय पर पूरी करने की अपील की, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह भव्य और यादगार बन सके।










# बेगूसराय में जमीन विवाद में पुलिस टीम पर हमला, थानाध्यक्ष समेत 5 पुलिसकर्मी घायल, गांव में कैंप कर रही पुलिस

संवाददाता केशव न्यूज

बेगूसराय के बखरी थाना क्षेत्र के प्राणपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर हुए हिंसक संघर्ष में पुलिस टीम पर ईंट-पत्थर से हमला किया गया। इस हमले में थानाध्यक्ष समेत 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए। हमलावरों ने पुलिस वाहन को भी नुकसान पहुंचाया। इस घटना में पांच स्थानीय लोग भी घायल हुए, और एक घर में आग लगा दी गई। घटना के बाद, एसपी मनीष कुमार और बखरी डीएसपी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू किया। पुलिस टीम ने घटना के बाद जांच शुरू की और खेत जोत रहे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। फिलहाल, गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और पुलिस कैंप कर रही है।



घटना की जानकारी के अनुसार, 2 साल पहले प्राणपुर गांव में 150 मह.दलितों ने विवादित जमीन पर घर बना लिया था। इसके बाद जमीन के असली मालिकों, अबू नसर और सादिक अख्तर ने मामला कोर्ट में दायर किया था। कोर्ट ने 17 अगस्त 2024 को फैसला सुनाया था, जिसमें कहा गया था कि जमीन को खाली कराया जाए। हालांकि, आज तक यह जमीन खाली नहीं कराई जा सकी थी, जिसके कारण विवाद बढ़ा और हिंसा हुई।

वहीं, एक पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने उनके घरों में तोड़फोड़ की और महिलाओं के साथ मारपीट की, जबकि दूसरे पक्ष ने कहा कि यह विवादित जमीन उनकी है, और पुलिस ने उनके विरोध के बावजूद कार्रवाई की। दोनों पक्षों के आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं, और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नवादा में 5 वर्षीय काव्य की हत्या, परिजनो ने निकाला कैंडल मार्च, स्पीडी ट्रायल की मांग



संवाददाता केशव न्यूज

नवादा में 5 वर्षीय काव्य की हत्या के मामले में पुलिस की जांच अब तक नाकाम रही है। 1 जनवरी को नरहट थाना क्षेत्र के छोटी पाली गांव से लापता हुई काव्या का शव 17 दिन बाद गांव के पोखर में मिला। इस दुखद घटना के विरोध में मृतका के दादा सुधीर सिंह के नेतृत्व में न्यू एरिया में कैंडल मार्च निकाला गया।

मार्च में लोगों ने बिहार सरकार, जिला प्रशासन, सांसद और विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने सही समय पर बच्ची का पता नहीं लगाया और अब तक हत्यारों का कोई सुराग नहीं मिल सका। सीआरपीएफ जवान की बेटी की हत्या के मामले में परिजनों ने प्रशासन और सरकार से स्पीडी ट्रायल की मांग की।

कैंडल मार्च पुरानी कचहरी रोड तक पहुंचा, जहां परिजनों ने दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की। मृतका के दादा ने कहा कि अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं और इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

## 50 हजार का इनामी बदमाश कैलाश मंडल गिरफ्तार, जनेश्वर यादव गिरोह का सक्रिय सदस्य था, हत्या और आर्म्स एक्ट में था वांछित

संवाददाता केशव न्यूज

मधेपुरा पुलिस को रविवार को बड़ी सफलता हाथ लगी, जब टॉप-10 अपराधियों की सूची में शामिल 50 हजार रुपए के इनामी बदमाश कैलाश मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी संदीप सिंह ने जानकारी दी कि कैलाश मंडल कुख्यात जनेश्वर यादव गिरोह का सक्रिय सदस्य था और हत्या समेत कई गंभीर मामलों में वांछित था।

अपराधी की गिरफ्तारी के लिए उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम में तकनीकी शाखा के दारोगा धर्मेंद्र कुमार, राजीव कुमार, रवि रंजन कुमार सिंह, सोनु कुमार सिंह और ग्वालपाड़ा थाना के पुलिस जवान शामिल थे। यह टीम लगातार अप.राधी की गतिविधियों पर नजर रख रही थी और तकनीकी विश्लेषण कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर 19 जनवरी को ग्वालपाड़ा थाना क्षेत्र के विषवाड़ी से कैलाश मंडल को गिरफ्तार किया गया।



कैलाश मंडल के खिलाफ ग्वालपाड़ा थाना में तीन और सहरसा जिले के बसनही थाना में एक मामला दर्ज है। पुलिस उसके अन्य आपराधिक मामलों की भी जांच कर रही है। आरोपी पर हत्या और आर्म्स एक्ट के गंभीर आरोप हैं।

एसपी संदीप सिंह ने बताया कि कैलाश मंडल की गिरफ्तारी पुलिस के लिए एक चुनौतीपूर्ण कार्य था। उन्होंने कहा, इस गिरफ्तारी से न केवल पुलिस की छवि मजबूत होगी, बल्कि आम जनता का पुलिस पर विश्वास भी बढ़ेगा। कैलाश मंडल जनेश्वर यादव गिरोह का सक्रिय सदस्य था, जो लंबे समय से जिले में अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी को इलाके में शांति बहाल करने की दिशा में एक अहम कदम मान रही है। मधेपुरा पुलिस की इस बड़ी कामयाबी से अपराधियों के बीच दहशत और आम लोगों में राहत का माहौल है।









# मधेपुरा में बदमाशों ने युवक को मारी गोली, 20 घंटे से रीढ़ की हड्डी में फंसी, सहरसा अस्पताल किया गया रेफर

संवाददाता केशव न्यूज

मधेपुरा में शनिवार रात करीब 10:30 बजे अज्ञात बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी। घायल युवक की पहचान राहुल कुमार (24) के रूप में हुई है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि राहुल बाइक से घर लौट रहे थे, तभी सकरपुरा के पास बदमाशों ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर रोकने की कोशिश की। जब राहुल भागने लगे, तो अपराधियों ने पीछे से गोली चला दी।

गोली लगने के बाद राहुल ने सुनसान इलाके से परिजनों को फोन कर मदद मांगी। पहले उन्हें मधेपुरा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, फिर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। इसके बाद उन्हें सहरसा के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया और रविवार दोपहर को सहरसा सदर अस्पताल भेजा गया।



सहरसा सदर अस्पताल में एक्स–रे से पता चला कि गोली राहुल की रीढ़ की हड्डी में फंसी हुई है। डॉक्टर अनिल कुमार ने ऑपरेशन की जटिलता को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया। घटना के 20 घंटे बाद भी गोली नहीं निकाली जा सकी थी। इसके बाद परिजन राहुल को पटना ले गए, जहां उनका इलाज जारी है।

राहुल मधेपुरा के एक मॉल में कार्यरत हैं। शनिवार रात ड्यूटी खत्म करने के बाद वह बाइक से घर लौट रहे थे। इस घटना के बाद पुलिस मामले की जांच और कार्रवाई में जुटी है, और परिजन अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। वे राहुल के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

## केस मैनेज करने के नाम पर एसपी बनकर ठगी, एफआईआर कॉपी से निकालते हैं नंबर,



गोपालगंज में साइबर अपराधियों ने ठगी का नया तरीका अपनाया है। ये अपराधी खुद को पुलिस अधीक्षक (एसपी) या एसपी कार्यालय का अधिकारी बताकर लोगों से केस मैनेज करने या नाम हटाने के नाम पर पैसे मांग रहे हैं।

साइबर अपराधी एससीआरबी पोर्टल से एफआईआर की कॉपी निकालकर उसमें दर्ज पीड़ितों के फोन नंबर प्राप्त करते हैं। इसके बाद, वे खुद को गोपालगंज पुलिस या एसपी कार्यालय का कर्मचारी बताकर फोन करते हैं। वे पीड़ितों को केस से नाम हटाने या केस को मैनेज करने का झांसा देते हैं और बदले में पैसे की मांग करते हैं।

गोपालगंज के एसपी अवधेश दीक्षित ने जनता को इस प्रकार की ठगी से बचने के लिए चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस या एसपी कार्यालय द्वारा कभी भी किसी व्यक्ति से पैसे की मांग नहीं की जाती। उन्होंने कहा, अगर कोई व्यक्ति एसपी या पुलिस के नाम पर पैसे की मांग करता है, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

इस मामले में अब तक तीन एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं। पुलिस ने इन अपराधियों को पकड़ने के लिए जांच तेज कर दी है। एसपी ने जनता से अपील की है कि वे संदिग्ध फोन कॉल्स की सूचना पुलिस को दें।

## 50 हजार का इनामी बदमाश विपिन उर्फ आर्यन नवादा में गिरफ्तार, बैंककर्मी से लूट का था आरोपी

संवाददाता केशव न्यूज

नवादा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए जिले के टॉप–10 अपराधियों में शामिल और 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश विपिन उर्फ आर्यन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को खरांठ मोड़ बस पड़ाव के पास से पकड़ा गया। वारिसलीगंज थाना के पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी कि आरोपी ने 29 फरवरी 2024 को वारिसलीगंज रेल ओवर ब्रिज के पास बंधन बैंक के एक कर्मचारी से 74 हजार रुपये की लूट की थी। इस घटना के बाद पीड़ित ने स्थानीय थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी और थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि 12 मार्च 2024 को जब अपराधी गैंग उसी स्थान पर दूसरी लूट की योजना बना रहे थे, तब पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था। हालांकि, सूरज और आर्यन मौके से फरार हो गए थे। कुछ महीने पहले सूरज को



गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन आर्यन फरार चल रहा था।

पुलिस के अनुसार, आरोपी आर्यन नालंदा जिले के दीप नगर थाना क्षेत्र का रहने वाला है और उसके खिलाफ दीप नगर थाना में केस नंबर 576/23 और वारिसलीगंज में केस नंबर 114/24 दर्ज है। तकनीकी और मानवीय खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस ने उसे शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस इस गिरफ्तारी को अपराध नियंत्रण की दिशा में एक बड़ी सफलता मान रही है।








